LEGISLATIVE ASSEMBLY

Committee on Community Services

सांस्कृतिक और भाषाई रूप से विविध समुदायों के लिए संकटकालीन संपर्क में सुधार करने के लिए

जाँच निष्कर्ष और सिफ़ारिशें।

जाँच निष्कर्ष 1

CALD सामुदायिक संगठनों ने COVID-19 के दौरान स्थानीय CALD समुदायों के साथ संपर्क स्थापित करने और उनका समर्थन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

जाँच निष्कर्ष 2

संकट के दौरान CALD समुदायों के साथ प्रभावी संपर्क के लिए सरकार के विभिन्न स्तरों और CALD सामुदायिक संगठनों और नेटवर्क के बीच सहयोग महत्वपूर्ण है।

सिफ़ारिश 1

यह कि NSW सरकार CALD व एबोरिजनल और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर समुदाय की आपातकालीन और संकट की तैयारी और संपर्क में सुधार के तरीकों की जाँच करे, जैसे कि एक सामुदायिक सलाहकार कार्यबल, या स्थानीय आपातकालीन प्रबंधन समितियों की सदस्यता के माध्यम से, और सरकारी एजेंसियों में नेतृत्व और कर्मचारियों के कार्यों में विविधता को प्रोत्साहित करना जारी रखे।

सिफ़ारिश 2

यह कि NSW सरकार CALD सामुदायिक संगठनों के साथ परामर्श करे कि वह कैसे संकट के दौरान CALD समुदायों के साथ प्रभावी ढंग से बातचीत करने के लिए इस क्षेत्र का समर्थन कर सकती है, जिसमें अतिरिक्त धनराशि प्रदान करना, संकट अनुदानों पर विचार और क्षमता निर्माण करना शामिल है।

सिफ़ारिश 3

यह कि NSW सरकार मौजूदा CALD सामुदायिक नेटवर्क का उपयोग CALD समुदाय समूहों के अनुरूप भविष्य के संकटकालीन संपर्क को विकसित करने और साथ मिल कर योजना बनाने के लिए करे।

सिफ़ारिश 4

यह कि CALD समुदायों के लिए भविष्य के संकटकालीन संपर्क को प्रिंट, वीडियो, ऑडियो, टेलीफ़ोन, सोशल मीडिया और सार्वजनिक मंचों जैसे कार्यक्रमों सहित कई चैनलों और प्रारूपों के माध्यम से बताया जाए।

सिफ़ारिश 5

यह कि एनएसडब्ल्यू सरकार एबोरिजनल और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर समुदायों के लिए एक लक्षित, सांस्कृतिक रूप से उपयुक्त संकटकालीन संपर्क रणनीति विकसित करने के लिए एबोरिजनल समुदाय नियंत्रित संगठनों के साथ काम करे।

सिफ़ारिश 6

यह कि NSW सरकार सामुदायिक और बहुभाषी प्रसारण मीडिया के लिए धन-राशि बढ़ाए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रसारकों को CALD समुदायों को संकट की जानकारी प्रदान करने के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हैं।

जाँच निष्कर्ष 3

COVID-19 महामारी के दौरान CALD समुदायों के प्रति नस्लवाद और भेदभाव में वृद्धि हुई थी। इससे कटु अनुभव और भय उत्पन्न हुआ और CALD समुदायों के लिए नकारात्मक स्वास्थ्य परिणाम हुए। इससे CALD समुदाय के कुछ लोगों का सरकार से विश्वास उठ गया, जिससे संकटकालीन संपर्क प्रभावित हुआ।

सिफ़ारिश 7

यह कि NSW सरकार संकट के दौरान नस्लवाद और भेदभाव को रोकने के लिए नीतियों और रणनीतियों पर CALD सामुदायिक संगठनों और सामुदायिक नेताओं के साथ विचार-विमर्श करे।

सिफ़ारिश 8

यह कि एनएसडब्ल्यू सरकार भेदभाव और नस्लवाद की शिकायत करने या रिपोर्ट करने के लिए मौजूदा तरीकों की समीक्षा करे, ताकि इन तरीकों में सुधार किया जा सके और समाज में नस्लवाद और भेदभाव को रोका जा सके।